अब मैं कुछ बातें अपने क्षेत्र के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। इस में तीन बातें हैं। हाजीपुर से लालगंज, केसरिया, गोविन्दगंज अरेराज होते हुए सुगौली तक एक ब्रांच लाइन की बड़ी आवश्यकता है। यह लाभकारी लाइन होगी। सभी बाजारों को यह पकड़ेगी रेलवे का कोई बड़ा पुल भी नहीं बनाना पड़ेगा। लगातार पांच वर्षों से यह प्रश्न खटाई में पड़ा है। आप कम से कम इसका सर्वे कराए। आपने ऐसा करना स्वीकार भी किया था। लेकिन आज तक ऐसा नहीं किया गया है। सर्वे में अगर यह लाइन लाभकारी सिद्ध न हो तो आप मुझे कहें कि मेरा प्रस्ताव गलत है।

नारायणी में बगहा से आगे रेलवे पुल टूट गया है। गोरखपुर से नरकटियागंज का सम्बन्ध विच्छिन्न है। पूरे देश में यही स्थान है जिस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। यह यू पी के साथ बिहार का प्रश्न भी है। आप इस पर पुल बनवाएं।

गंगा पर बन रहे पुल को रेल कम रोड ब्रिज बनवाएं। यह चीज अखबारों में निकली है। आपने आश्वासन भी दिया है। इसकी पूर्ति आप करें।

समस्तीपुर से रक्सौल तक वाया मुजफ्फरपुर बड़ी लाइन आप बनवाएं। यह बहुत आवश्यक है। सरकार ने मेरे प्रश्न के उत्तर में स्वीकार किया है कि यह बड़ी लाइन बनेगी इस में आप विलम्ब न करें।

18 hrs.

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, मैं रेलवे बजट का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। सब से पहले मैं नये रेल मंत्री का स्वागत करना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN: The hon. Member may please continue tomorrow.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

TWENTY-FIFTH REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): Sir, I beg to present the Twenty-fifth Report of the Business Advisory Committee.

1801 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, March, 7 1973/Phalguna 16, 1894 (Saka)

M GIPND—PMR—3616 L.S—3659—13-4-73—1010.